# प्रारम्भिक संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट का प्रारूप

**परियोजना का नामः—जनपद चमोली में पी0एम0जी0एस0वाई0 फेज—17 के अन्तर्गत लामबगड (नेलबैण्ड) से झूमाखेत (कुसरानी मल्ली ) लिंक मोटर मार्ग का निर्माण।**

आज दिनाँक 23.04.2018 को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अनर्तगत ग्रामीण निर्माण विभाग पी0एम0जी0एस0वाई0 कर्णप्रयाग के द्वारा लामबगड (नेलबैण्ड) से झूमाखेत (कुसरानी) लिंक मोटर मार्ग तक बनाये जाने वाले मार्ग हेतु स्थलीय निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से वन क्षेत्राधिकारी श्री हरीश नेगी, श्री मदन सिंह बिष्ट प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री चन्द्र भूशण कनिश्ठ अभियन्ता, श्री जगमोहन सिंह बिश्ट—अमीन तथा स्थानीय प्रतिनिधि के रुप में श्री बलवन्त...सिंह— ग्राम प्रधान कुशरानी मल्ली , एवं स्थानीय निवासी श्री शेर सिंह, श्री केदार सिंह आदि के द्वारा प्रश्नगत परियोजना को बनाने हेतु सर्वश्रेष्ठ समरेखण के चयन तथा अन्य वैकल्पिक समरेखणो के चयन हेतु भाग लिया गया

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक आवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से जो संमरेखन सर्वथा उपयुक्त पाया गया है उसमें नाप भूमि 1075 मी0 तथा आरक्षित वन भूमि 2425 मी लम्बाई में प्रभावित होगी एवं इस संमरेखण के चयन में कुल **1.156है0 नाप भूमि**(0.968है0 मोटर मार्ग निर्माण हेतु तथा 0. 188है0 डम्पिंग जोन हेतु), तथा कुल **2.4165 है0 आरक्षित वन भूमि** (2.183है0 मोटर मार्ग निर्माण हेतु तथा 0.234है0 डम्पिंग जोन हेतु)। जिनमें से कुल **2.4165 है0** भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी ।

इस समरेखन पर लगभग **501** वृक्ष, जो कि चीड, बॉज, तुन, शीशम, कुकाट, कचनार, अखरोट, आम,, एवं पदम प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे। जिनमें से **190** बांज प्रजाति के वृक्ष प्रभावित होंगे। जिनका विवरण निम्न प्रकार है:—

| **भूमि का प्रकार** | **0—10 तक व्यास के बांझ वृक्षों की संख्या** | **10 से अधिक व्यास के बांझ वृक्षों की संख्या** | **योग** |
|---|---|---|---|
| आरक्षित वन भूमि | 147 | 03 | 150 |
| नाप भूमि | 16 | 25 | 40 |

अन्य प्रजातियों के वृक्षों का विवरण निम्न प्रकार से है—

| भूमि का प्रकार | 0—10 तक व्यास के अन्य प्रजाति के वृक्षों की संख्या | 10 से अधिक व्यास के अन्य प्रजाति के वृक्षों की संख्या | योग |
|---|---|---|---|
| आरक्षित वन भूमि | 40 | 237 | 277 |
| नाप भूमि | 14 | 20 | 34 |

उपरोक्तानुसार वन भूमि में प्रभावित होने वाले वृक्ष जिनका व्यास 10 से अधिक है की कुल संख्या 285 है, जिसमें से 28 वृक्ष बांझ प्रजाति के हैं। मार्ग निर्माण हेतु वन भूमि हस्तानान्तरण प्रस्ताव 09.00मी0 चौडाई में तैयार किया गया है तथा वृक्षों की गणना 9.00 मी0 की चौडाई में की गयी है। वृक्षों का विवरण संलग्न है।

इस समरेखण के तुलना में जो वैकल्पिक समरेखण देखे गये उसमें नाप भूमि 1425 मी0 तथा आरक्षित वन भूमि 2775मी लम्बाई में प्रभावित होगी एवं इस संमरेखण के चयन में कुल **1.4705 है0 नाप भूमि**(1.2825है0 मोटर मार्ग निर्माण हेतु तथा 0.188है0 डम्पिंग जोन हेतु), कुल **2.7315 है0 आरक्षित वन भूमि** (2.496है0 मोटर मार्ग निर्माण हेतु तथा 0.234है0 डम्पिंग जोन)। जिनमें से कुल **2.7315 है0** भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी। इस समरेखन पर लगभग **834** वृक्ष ( चीड, बॉज, तुन, शीशम, कुकाट, कचनार, अखरोट, आम,, एवं पदम ) इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है। चयनित उपयुक्त संमरेखण आरक्षित वन भूमि से एवं कुशरानी मल्ली व सेटू झूमाखेत के नाप भूमि से गुजरेगा। इन कक्षों में चीड, बॉज, तुन, शीशम, कुकाट, कचनार, अखरोट, आम,, एवं पदम प्रजाति के वन हैं। प्रभावित होने वाली नाप भूमि में वृक्षो की संख्या 74 हैं।

चुने गये संमरेखन का प्रारम्भ होने के स्थल का GPS मान 29⁰57'41.49"N, 79⁰25'16.91"E है तथा यह स्थल बुगीधार मेहलचौरी बछुवाबाण मोटर मार्ग (T01) किमी0 40(नैल बैंण्ड) से प्रारम्भ होता है तथा समरेखण का अन्तिम स्थल ग्राम सेटू झूमाखेत है, जिसका GPS मान 29⁰56'57.92"N, 79⁰25'53.55"E है। चुने गये समरेखण के बीच के स्थलों के GPS मान 29⁰57'30.65"N & 79⁰25'24.72"E, 29°57'25.06"N & 79° 25'25.10"E, 29⁰57'17.74"N & 79⁰25'17.70"E, 30° 1'10.44"N & 79°41'0.04"E, 29⁰57'10.96"N & 79⁰25'09.16"E, 29°57'07.61"N & 79°25'02.93"E, 29⁰57'00.78"N & 79⁰25'43.30"E, हैं।

चयनित समरेखन में किसी भी प्रजाति के पौधों को अन्य स्थानान्तरित (translocate) किया जाना आवश्यक नहीं होगा। चयनित उपयुक्त संरेखण किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारहण्य का हिस्सा नहीं है, व चयनित उपयुक्त संरेखण चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन नही होगा

मोटर मार्ग के निर्माण के दौरान जो मलवा उत्सर्जित होगा उसके निस्तारण हेतु 05 स्थल उपयुक्त पाये गये हैं जिनका GPS मान निम्न.हैः–

1. 29°57'32.036" N & 79°25'21.200"E
2. 29°57'16.879" N & 79°25'14.403"E
3. 29°57'10.890 N & 79°25'06.061" E
4. 29°57'1.261" N & 79°25'23.504"E
5. 29°56'56.560" N & 79°25'52.405"E

अन्य आवश्यक विवरण ..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| हस्ताक्षर (प्रयोक्ता एजेन्सी) प्रतिनिधि) प्रतिनिधि | हस्ताक्षर (वन विभाग) प्रतिनिधि | हस्ताक्षर हस्ताक्षर (राजस्व विभाग) प्रतिनिधि | हस्ताक्षर (अन्य दावेदार) प्रतिनिधि | हस्ताक्षर (जन प्रतिनिधि) |

प्रधान ग्राम पंचायत कुशरानी
ह०- ..........
दि०- ..........
वि०ख० गैरसैंण (चमोली)

JE